सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023
के अवसर पर
मुख्य सतर्कता अधिकारी का संदेश

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों के अनुसरण में प्रतिवर्ष उस सप्ताह के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) मनाया जाता है जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन (31 अक्टूबर) आता है। सीवीसी ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष वीएडब्ल्यू 30 अक्टूबर, 2023 से 5 नवंबर, 2023 तक मनाया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन, निवारक सतर्कता के प्राथमिक उपायों में से एक है जिसमें जागरूकता पैदा करने और सार्वजनिक गवरनेन्स में सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी की प्रतिबद्धता की अभिपुष्टि करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

आयोग ने वीएडब्ल्यू की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान (16 अगस्त, 2023 - 15 नवंबर, 2023) शुरू किया है, जिसमें छह अलग-अलग निवारक सतर्कता उपायों/गतिविधियों को फोकस क्षेत्रों के रूप में गया है, जिनमें शामिल हैं: (i) जनहित प्रकटीकरण के बारे में जागरूकता पैदा करना और सूचनादाताओं के संकल्प की सुरक्षा (पीआईडीपीआई); (ii) क्षमता निर्माण कार्यक्रम; (iii) व्यवस्थित रूप से सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन (iv) शिकायत के निपटान के लिए आईटी का लाभ उठाना (v) परिपत्रों/दिशानिर्देशों/मैनुअलों को अद्यतन करना; और (vi) 30.6.2023 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान करना।

तीन माह का एक अभियान आरंभ किया गया है जिसका उद्घाटन 16.8.23 को एमएमटीसी लिमिटेड, स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इसमें द स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, निर्यात निरीक्षण परिषद और पीईसी लिमिटेड के कर्मचारियों ने भी प्रत्यक्ष रूप से या ऑनलाइन मोड में भाग लिया था। । उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, वीएडब्ल्यू 2023 पर एक परिचयात्मक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें निवारक सतर्कता उपायों का अनुपालन, की जाने वाली सतर्कता गतिविधियों की कार्य योजना, नैतिकता और गवरनेन्स एवं निवारक सतर्कता पर जागरूकता कार्यक्रम पर जोर दिया गया।

वीएडब्ल्यू 2023 के अवसर पर, मैं सभी कर्मचारियों से अनुरोध करता हूँ कि वे विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेकर धन के दुरुपयोग/धोखाधड़ी/अनुचित घटनाओं आदि से संस्था को बचाने के लिए और वित्तीय/प्रतिष्ठा को जोखिम से बचाने के लिए समय पर उचित कार्रवाई करते हुए निवारक सतर्कता उपाय करें।

मैं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाने के लिए एमएमटीसी के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

अनुराग
21/8/23.

(अनुराग प्रसाद)
मुख्य सतर्कता अधिकारी

"हिन्दी में लिखे पत्रों का स्वागत है"

कोर-1, "स्कोप कॉम्पलैक्स", 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003 भारत
Core-1, "SCOPE COMPLEX", 7, Institutional Area, Lodhi Road, New Delhi-110 003 INDIA
दूरभाष/Tel. : 011-24362200
E-mail : mmtc@mmtclimited.com Website : www.mmtclimited.gov.in
PAN NO. : AAACM1433E
CIN : L51909DL1963GOI004033